रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | |
|---|---|
| Test Date | 30/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** न्यूरॉन का कौन-सा भाग तंत्रिका आवेग को कोशिका काय से दूर ले जाता है?

**Ans**
- ✗ A. डेन्ड्राइट
- ✗ B. अन्तर्ग्रंथन
- ✓ C. एक्सोन
- ✗ D. नाभिक

**Q.2** सोडियम बाइकार्बोनेट को तनु HCl के साथ मिलाने पर सोडियम क्लोराइड बनता है और एक गैस निकलती है। जब यह गैस चूने के जल (lime water) के माध्यम से होकर गुजरती है, तो यह दूधिया हो जाती है। निकलने वाली गैस ________ है।

**Ans**
- ✗ A. CO
- ✗ B. H2
- ✗ C. Cl2
- ✓ D. CO2

**Q.3** चुंबकीय क्षेत्र वह राशि है ________________।

**Ans**
- ✗ A. जिसमें केवल दिशा होती है
- ✗ B. जिसमें केवल परिमाण होता है
- ✓ C. जिसमें परिमाण और दिशा दोनों होते हैं
- ✗ D. जिसमें न तो परिमाण और न ही दिशा होती है

**Q.4** लवण जल के विद्युत अपघटन के दौरान, निम्नलिखित में से कौन-सा, प्रत्येक इलेक्ट्रोड और विलयन में निर्मित होने वाले उत्पादों से सुमेलित है?

**Ans**
- ✗ A. एनोड – NaOH, कैथोड – $Cl_2$, विलयन – $H_2$
- ✓ B. एनोड – $Cl_2$, कैथोड – $H_2$, विलयन – NaOH
- ✗ C. एनोड – $Cl_2$, कैथोड – NaOH, विलयन – $H_2$
- ✗ D. एनोड – $H_2$, कैथोड – $Cl_2$, विलयन – NaOH

**Q.5** स्पष्ट और सुविधापूर्ण दृश्यता के लिए किसी वस्तु को नेत्र से न्यूनतम कितनी दूरी पर रखना चाहिए?

**Ans**
- ✗ A. 25 m
- ✗ B. 250 cm
- ✓ C. 25 cm
- ✗ D. 50 cm

Q.6 एक ही खेत में एक साथ दो या दो से अधिक फसलों की खेती को ______ कहा जाता है।

Ans
- ✔ A. मिश्रित फसल
- ✘ B. अंतर-फसल
- ✘ C. एकल-फसल
- ✘ D. आंतर-फसल

Q.7 किसी गैस पर दाब अनुप्रयुक्त करने से, __________।

Ans
- ✘ A. उसका आयतन बढ़ जाता है
- ✔ B. उसके कण एक दूसरे के निकट आ जाते हैं
- ✘ C. उसके कणों की गति तेज हो जाती है
- ✘ D. उसका तापमान घट जाता है

Q.8 मेन्डेल (Mendel) ने अपने एकसंकर संकरण (monohybrid cross) से कौन-सा नियम व्युत्पन्न किया?

Ans
- ✘ A. स्वतंत्र अपव्यूहन नियम (Law of Independent Assortment)
- ✘ B. नियत अनुपात का नियम (Law of Constant Proportion)
- ✘ C. विकास का नियम (Law of Evolution)
- ✔ D. संपृथकन नियम (Law of Segregation)

Q.9 यदि आवर्धन धनात्मक है, तो निर्मित प्रतिबिंब ____ होगा।

Ans
- ✔ A. आभासी और सीधा
- ✘ B. उल्टा
- ✘ C. पर्दे पर
- ✘ D. वास्तविक

Q.10 राजस्थान में खेजड़ी वृक्षों की रक्षा के लिए 1731 में 363 अन्य लोगों के साथ किसने अपने प्राण की आहुति दी थी?

Ans
- ✘ A. सुनीता नारायण
- ✘ B. मेधा पाटकर
- ✘ C. वंदना शिवा
- ✔ D. अमृता देवी बिश्नोई

Q.11 निम्नलिखित में से कौन-सा, मिश्रण को यौगिक से सर्वोत्तम रूप से विभेदित करता है?

Ans
- ✘ A. यौगिक प्रकृति में विषमांगी होते हैं, जबकि मिश्रण सदैव समांगी होते हैं।
- ✔ B. मिश्रणों को भौतिक विधियों से पृथक किया जा सकता है, जबकि यौगिकों को पृथक करने के लिए रासायनिक विधियों की आवश्यकता होती है।
- ✘ C. मिश्रणों का क्वथनांक सदैव निश्चित होता है।
- ✘ D. यौगिक अपने घटकों के व्यष्टिगत गुणधर्मों को बनाए रखते हैं।

Q.12 निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण, सरल रेखा के अनुदिश गति को दर्शाता है?

Ans
- ✘ A. पार्क में दौड़ रहा एक बच्चा
- ✘ B. घूर्णन करता हुआ एक पंखे का ब्लेड
- ✘ C. प्रादोलन करता हुआ एक पेंडुलम
- ✔ D. सीधी पटरी पर चलती हुई एक रेलगाड़ी

Q.13 प्रजनन के दौरान DNA प्रतियां बनाने का मुख्य उद्देश्य क्या है?

Ans
- ✔ A. संततियों को आनुवंशिक जानकारी प्रदान करना
- ✘ B. समरूप जुड़वाँ बच्चे पैदा करना
- ✘ C. कोशिकाओं की संरचना बदलना
- ✘ D. जीवों को रोगों से प्रतिरक्षित बनाना

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.14 जस्ता जैसी धातुओं को उनके सल्फाइड या कार्बोनेट अयस्कों से निष्कर्षित करने की सही प्रक्रिया क्या है?

Ans
- ✔ A. भर्जन या भूनना या निस्तापन → धातु में अपचयन → शुद्धिकरण
- ✘ B. अम्ल में विघटन → निस्पंदन → तापन
- ✘ C. प्रत्यक्ष तापन-शुद्धिकरण
- ✘ D. विद्युत अपघटन → भर्जन → शुद्धिकरण

Q.15 निम्नलिखित में से कौन-सा, किसी पदार्थ की प्रतिरोधकता का सही मात्रक है?

Ans
- ✘ A. ओम/मीटर
- ✘ B. ओम
- ✔ C. ओम-मीटर
- ✘ D. मीटर/ओम

Q.16 एक आदमी में तारत्व, बच्चे के तारत्व से/के ________ होता है।

Ans
- ✘ A. समान
- ✔ B. निम्नतर
- ✘ C. कभी उच्चतर और कभी निम्नतर
- ✘ D. उच्चतर

Q.17 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अंतःप्रद्रव्यी जालिका के बारे में गलत है?

Ans
- ✘ A. चिकनी अंतःप्रद्रव्यी जालिका (SER) लिपिड (वसा अणु) के संश्लेषण में शामिल होती है।
- ✘ B. रुक्ष अंतःप्रद्रव्यी जालिका (RER) की सतह पर राइबोसोम लगे होते हैं, जो प्रोटीन संश्लेषण में मदद करते हैं।
- ✔ C. अंतःप्रद्रव्यी जालिका अपने अन्दर आनुवंशिक सामग्री संग्रहित करती है।
- ✘ D. अंतःप्रद्रव्यी जालिका कोशिका के भीतर पदार्थों के परिवहन में मदद करती है, विशेष रूप से कोशिकाद्रव्य और केंद्रक के बीच।

Q.18 सोने और चांदी जैसी कम अभिक्रियाशील धातुओं का निष्कर्षण कैसे किया जाता है?

Ans
- ✘ A. अम्लों के साथ अभिक्रिया द्वारा
- ✘ B. विस्थापन अभिक्रिया द्वारा
- ✘ C. वैद्युतअपघटनी अपचयन द्वारा
- ✔ D. सरल तापन या रासायनिक विधियों द्वारा

Q.19 मानव शरीर में कंकाल पेशियों का मुख्य कार्य निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
- ✘ A. परिसंचरण
- ✔ B. हमारे शरीर में संचलन
- ✘ C. उत्सर्जन
- ✘ D. श्वसन

Q.20 द्वि-खंडन (binary fission) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?

Ans
- ✘ A. यह एककोशिकीय जीवों में पाया जाता है
- ✘ B. इससे आबादी में वृद्धि होती है
- ✔ C. इसके लिए दो जनक की आवश्यकता है
- ✘ D. यह तीव्र और कुशल है

Q.21 कौन-सी परिघटना गुरुत्वाकर्षण के सार्वभौमिक नियम द्वारा सफलतापूर्वक समझाई गई है, जो चंद्रमा और सूर्य दोनों द्वारा पृथ्वी पर प्रयुक्त संयुक्त और विभेदक गुरुत्वाकर्षण आकर्षण पर निर्भर करती है?

Ans
- ✘ A. अभिकेन्द्रीय बल पत्थर को वृत्ताकार पथ पर बनाए रखता है
- ✘ B. सूर्य के चारों ओर ग्रहों की गति
- ✔ C. समुद्री ज्वार-भाटे का घटित होना
- ✘ D. ध्रुवों से भूमध्य रेखा तक g के मान में कमी

Prepp Your Personal Exams Guide

Your Personal Exams Guide

Q.22 तापमान में वृद्धि के साथ निम्नलिखित में से क्या नहीं होता है?

Ans
- ✗ A. पदार्थ की अवस्था में परिवर्तन
- ✗ B. कण गति में वृद्धि
- ✗ C. गतिज ऊर्जा में वृद्धि
- ✓ D. अंतराकण अंतराल में कमी

Q.23 कार्य-ऊर्जा प्रमेय के अनुसार किसी पिंड पर किया गया कुल कार्य, ____________ के बराबर होता है।

Ans
- ✓ A. पिंड की गतिज ऊर्जा में परिवर्तन
- ✗ B. पिंड के कार्य और ऊर्जा में परिवर्तन
- ✗ C. पिंड की स्थैतिक ऊर्जा में परिवर्तन
- ✗ D. पिंड की स्थितिज ऊर्जा में परिवर्तन

Q.24 $BaCl_2$ जब $Na_2SO_4$ के साथ अभिक्रिया करता है, तो बनने वाला सफेद अवक्षेप क्या होता है?

Ans
- ✗ A. सोडियम क्लोराइड जो क्रिस्टलीकृत होता है
- ✗ B. सोडियम कार्बोनेट जो अघुलनशील होता है
- ✓ C. बेरियम सल्फेट जो अघुलनशील होता है
- ✗ D. बेरियम नाइट्रेट जो क्षारीय होता है

Q.25 एक कार 180 km/h की चाल से गतिमान है। ब्रेक लगाने पर यह 5 सेकंड में पूरी तरह रुक जाती है। यदि कार और उसके यात्रियों का कुल द्रव्यमान 4200 kg हो, तो कार को रोकने के लिए ब्रेक द्वारा लगाया गया बल ज्ञात करें।

Ans
- ✗ A. –50,000 N
- ✗ B. –36,000 N
- ✓ C. –42,000 N
- ✗ D. –15,120 N

Section : **Mathematics**

Q.26 यदि सोनाली के वेतन में पहले 25% की कमी हुई और फिर 12% की वृद्धि हुई, तो उसके वेतन पर प्रतिशत प्रभाव क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 16% की वृद्धि
- ✗ B. 12% की कमी
- ✓ C. 16% की कमी
- ✗ D. 12% की वृद्धि

Q.27 एक पेंटिंग का अंकित मूल्य ₹7,500 था, लेकिन दुकानदार ने क्रमशः 14% और 28% की दोहरी छूट दी। अंततः उसने वह पेंटिंग कितने में बेची?

Ans
- ✗ A. ₹4,674
- ✗ B. ₹4,610
- ✓ C. ₹4,644
- ✗ D. ₹4,490

Q.28 यदि एक बेलनाकार बर्तन का आयतन 21.560 लीटर है। यदि बेलन के आधार की त्रिज्या उसकी ऊंचाई की 2/5 गुना है, तो बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 4345
- ✗ B. 4352
- ✗ C. 4324
- ✓ D. 4312

Q.29 एक विक्रेता अपने माल को क्रय मूल्य से 5% अधिक मूल्य पर अंकित करता है और उस पर 40% की छूट देता है। उसका हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 34%
- ✓ B. 37%
- ✗ C. 36%
- ✗ D. 35%

Q.30 सुधा का खर्च उसकी बचत से 150% अधिक है। यदि उसका खर्च 12% कम हो जाता है और बचत 37% बढ़ जाती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होगी?

Ans
- ✗ A. 3%
- ✗ B. 5%
- ✓ C. 2%
- ✗ D. 7%

Q.31 यदि किसी संख्या के 20% को 60 में जोड़ा जाए, तो परिणाम वही संख्या प्राप्त होगी। उसी संख्या का 75% कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 86.25
- ✓ B. 56.25
- ✗ C. 76.25
- ✗ D. 66.25

Q.32 $16 \times 2^5 \times 8 \div \left(\frac{1}{2}\right)^3$ का मूल्यांकन करें ।

Ans
- ✗ A. $2^{13}$
- ✗ B. $2^{20}$
- ✗ C. $2^9$
- ✓ D. $2^{15}$

Q.33 एक व्यक्ति अपने घर से बाजार तक 5 km/hr की चाल से गया। और 4 km/hr की चाल से अपने घर वापस आया। पूरी यात्रा में 4 घंटे 30 मिनट लगे। उसके घर से बाज़ार की दूरी (km में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 15
- ✓ B. 10
- ✗ C. 25
- ✗ D. 20

Q.34 एक व्यक्ति ₹20,000 में एक मशीन खरीदता है, उसकी मरम्मत पर ₹2,000 और परिवहन पर ₹3,000 खर्च करता है। वह उसे ₹30,000 में बेचता है। लाभ प्रतिशत कितना है?

Ans
- ✗ A. 25%
- ✗ B. 30%
- ✗ C. 35%
- ✓ D. 20%

Q.35 प्रथम 17 अभाज्य संख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 441
- ✗ B. 439
- ✗ C. 436
- ✓ D. 440

Prepp Your Personal Exams Guide

Q.36 एक पाइप किसी टैंक को 7 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 14 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टैंक खाली होने पर दोनों पाइप एक साथ खोल दिए जाएं, तो टैंक का आधा हिस्सा भरने में कितने मिनट लगेंगे?

Ans
- ✗ A. 8
- ✓ B. 7
- ✗ C. 15
- ✗ D. 14

Q.37 तीन संख्याएं $\frac{1}{5}:\frac{9}{18}:\frac{11}{16}$ के अनुपात में हैं। सबसे बड़ी और सबसे छोटी संख्याओं का अंतर 78 है। सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 109
- ✗ B. 111
- ✓ C. 110
- ✗ D. 108

Q.38 पानी की एक टंकी में दो इनलेट पाइप (A और B) तथा एक आउटलेट पाइप (C) है। पाइप A टंकी को 4 घंटे में भर सकता है, पाइप B टंकी को 6 घंटे में भर सकता है, और पाइप C टंकी को 8 घंटे में खाली कर सकता है। यदि पहले 3 घंटे के लिए तीनों पाइप खोल दिए जाएं और फिर पाइप C को बंद कर दिया जाए, तो टंकी को भरने में कुल कितना समय लगेगा?

Ans
- ✗ A. 5 घंटे 15 मिनट
- ✗ B. 4 घंटे 18 मिनट
- ✗ C. 4 घंटे 15 मिनट
- ✓ D. 3 घंटे 18 मिनट

Q.39 एक मशीन दो प्रकार के विजेट बनाती है। प्रतिदिन उत्पादित A प्रकार के विजेट की संख्या a है, और B प्रकार के विजेट की संख्या b है।
यदि $a + b = 50$ और $a^2 + b^2 = 1300$ है, तो दोनों प्रकार के विजेट की प्रतिदिन उत्पादित संख्याओं का गुणनफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 650
- ✗ B. 700
- ✗ C. 500
- ✓ D. 600

Q.40 $\triangle ABC$ में, बिंदु D पर $BD \perp AC$ है और $\angle DBC = 33°$ है। BC पर एक बिंदु E इस प्रकार है कि $\angle CAE = 45°$ है। $\angle AEB$ का माप कितनी है?

Ans
- ✓ A. 102°
- ✗ B. 95°
- ✗ C. 93°
- ✗ D. 89°

Q.41 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$$5\frac{1}{2}-\left[2\frac{1}{3}\div\left\{\frac{3}{4}-\frac{1}{2}\times\frac{8}{3}\right\}\right]$$

Ans
- ✗ A. 9
- ✓ B. $\frac{19}{2}$
- ✗ C. $\frac{3}{2}$
- ✗ D. $\frac{21}{2}$

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.42** ₹6,500 के मूलधन पर 10% की वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर (वार्षिक रूप से संयोजित होने पर) से 2 वर्षों में प्राप्त मिश्रधन ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹8,309
- ✓ B. ₹7,865
- ✗ C. ₹8,207
- ✗ D. ₹7,895

**Q.43** 7 संख्याओं का औसत 25 है। यदि प्रत्येक संख्या में से 3 घटा दिया जाए, तो नया औसत कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 25
- ✓ B. 22
- ✗ C. 7
- ✗ D. 19

**Q.44** ज्वार और चने का बाजार मूल्य 1 : 3 के अनुपात में है, और एक परिवार मात्रा के अनुसार इनका उपभोग 5 : 11 के अनुपात में करता है। ज्वार और चने पर व्यय का अनुपात ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 9 : 35
- ✗ B. 6 : 34
- ✓ C. 5 : 33
- ✗ D. 7 : 34

**Q.45** एक व्यक्ति की आयु अपने भाई की आयु की तीन गुनी है। यदि उन दोनों की आयु का योग 40 वर्ष है, तो उस व्यक्ति की आयु कितनी है?

**Ans**
- ✓ A. 30 वर्ष
- ✗ B. 40 वर्ष
- ✗ C. 10 वर्ष
- ✗ D. 20 वर्ष

**Q.46** दो रेलगाड़ियाँ समानांतर पटरियों पर क्रमशः 40 km/h और 60 km/h की चाल से एक-दूसरे की ओर चल रही हैं। यदि प्रत्येक रेलगाड़ी की लंबाई 125 मीटर है, तो उन्हें एक-दूसरे को पार करने में कितना समय लगेगा?

**Ans**
- ✗ A. 12 सेकंड
- ✓ B. 9 सेकंड
- ✗ C. 5 सेकंड
- ✗ D. 7 सेकंड

**Q.47** भूकंप के कारण, एक खंभा टूट गया और अब इसका शीर्ष खंभे के आधार से 25 m की दूरी पर भूमि को स्पर्श करता है और भूमि के साथ 45° का कोण बनाता है। भूकंप से पहले खंभे की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $25\sqrt{2}$ m
- ✗ B. $50\sqrt{2}$ m
- ✓ C. $25(\sqrt{2}+1)$ m
- ✗ D. $50(\sqrt{2}+1)$ m

**Q.48** एक कक्षा के 32 विद्यार्थियों की औसत आयु 21 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी शामिल कर ली जाए, तो पूरे समूह की औसत आयु 22 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्षों में) कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 52
- ✗ B. 57
- ✓ C. 54
- ✗ D. 59

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.49 यदि एक पिता अपने पुत्र से 30 वर्ष बड़ा है, तथा उसकी आयु वर्तमान में अपने पुत्र की आयु की पांच गुनी है, तो पुत्र की आयु कितनी है?

Ans
- ✗ A. 10 वर्ष
- ✗ B. 5 वर्ष
- ✗ C. 15 वर्ष
- ✓ D. 7.5 वर्ष

Q.50 यदि एक गोले की त्रिज्या 35 cm है, तो इसका पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 4900 π cm2
- ✗ B. 2500 π cm2
- ✗ C. 2400 π cm2
- ✗ D. 2450 π cm2

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 एक निश्चित कूट भाषा में,

'A+ B' का अर्थ है 'A, B का पुत्र है',
'A # B' का अर्थ है 'A, B की बहन है',
'A x B' का अर्थ है 'A, B की पत्नी है' और
'A @ B' का अर्थ है 'A, B का पिता है'।

यदि 'L + O # V x E @ R' हो, तो L का R से क्या संबंध है?

Ans
- ✓ A. माता की बहन का पुत्र
- ✗ B. माता की बहन का पति
- ✗ C. बहन का पुत्र
- ✗ D. बहन का पति

Q.52 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, BFIF का संबंध एक निश्चित तरीके से IMPM से है। उसी प्रकार, PTWT का संबंध WADA से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CGJG का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- ✗ A. JOPT
- ✗ B. JMPN
- ✓ C. JNQN
- ✗ D. JNPN

Q.53 पाँच व्यक्ति, A, B, C, D और E, एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
पंक्ति के दाएँ छोर से चौथे स्थान पर A बैठा है। B और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। D, A का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
A और D के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 1
- ✗ B. 0
- ✗ C. 3
- ✓ D. 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.54 उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जैसे निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरणार्थ 13 को लीजिए - 13 पर की जाने वाली संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

(5, 12, 28)
(8, 15, 34)

Ans
- ✗ A. (21, 14, 32)
- ✗ B. (7 , 14, 24)
- ✓ C. (23, 30, 64)
- ✗ D. (19, 12, 28)

Q.55 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है

(बाएं) 937, 228, 782, 175, 631 (दाएं)

(उदाहरण: 697 में पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7 है)

नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं करनी हैं।

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो प्राप्त परिणाम क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 12
- ✗ B. 10
- ✗ C. 15
- ✓ D. 14

Q.56 सभी 104 व्यक्ति एक पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर खड़े हैं। श्री जीज़ दाएं छोर से 9वें स्थान पर हैं जबकि श्री मेमी बाएं छोर से 34वें स्थान पर हैं। श्री जीज़ और श्री मेमी के बीच कितने व्यक्ति हैं?

Ans
- ✗ A. 62
- ✓ B. 61
- ✗ C. 59
- ✗ D. 60

Q.57 उत्तर दिशा में अभिमुख 97 विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, Z दाएं छोर से 61वें स्थान पर है। यदि G, Z के बाएं से 28वें स्थान पर है, तो पंक्ति के बाएं छोर से G का स्थान कौन-सा है?

Ans
- ✗ A. 10वां
- ✓ B. 9वां
- ✗ C. 8वां
- ✗ D. 7वां

Q.58 निम्नलिखित शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 6 4 7 8 5 2 9 5 5 2 2 4 9 8 7 2 3 7 9 5 6 (दाएं)

ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद भी एक सम अंक है?

Ans
- ✗ A. 3
- ✗ B. 2
- ✓ C. 4
- ✗ D. 1

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.59** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**6 ? 12 36 144 720**

**Ans**
- ✗ A. 12
- ✗ B. 10
- ✗ C. 8
- ✓ D. 6

**Q.60** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. QR–ST
- ✗ B. XY–ZA
- ✓ C. LM–MQ
- ✗ D. NO–PQ

**Q.61** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
कुछ रेल, कार हैं।
कोई कार, बस नहीं है।

**निष्कर्ष:**
(I) कुछ रेल, बस हैं।
(II) कुछ कार, रेल हैं।

**Ans**
- ✗ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं
- ✓ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Q.62** छह मित्र, G, H, I, Q, R और S, एक गोल मेज के परितः इसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। I, S के ठीक दाईं ओर बैठा है। I के बाईं ओर से गिनने पर I और Q के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। R, H के ठीक दाईं ओर बैठा है। H के बाईं ओर से गिनने पर G और H के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ A. दो
- ✗ B. चार
- ✗ C. तीन
- ✓ D. एक

**Q.63** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**3 11 21 29 39 ?**

**Ans**
- ✗ A. 45
- ✓ B. 47
- ✗ C. 49
- ✗ D. 51

**Q.64** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**256, 128, 64, 32, 16, ?**

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✗ B. 10
- ✓ C. 8
- ✗ D. 6

Q.65 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. UVQ
- ✗ B. NOJ
- ✗ C. EFA
- ✓ D. SRM

Q.66 यदि संख्या 2436795 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 3 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में सबसे बड़े तथा सबसे छोटे अंकों का योग क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 10
- ✓ B. 8
- ✗ C. 12
- ✗ D. 6

Q.67 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पहिए, कार हैं।
सभी कार, ट्रक हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ ट्रक, कार हैं।
(II) सभी पहिए, ट्रक हैं।

Ans
- ✗ A. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
- ✗ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
- ✗ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है
- ✓ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.68 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

43 ÷ 17 + 425 × 5 – 65 = ?

Ans
- ✗ A. 729
- ✓ B. 711
- ✗ C. 709
- ✗ D. 745

Q.69 यदि + का अर्थ – है, – का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

73 – 15 ÷ 98 + 506 × 23 = ?

Ans
- ✗ A. 1186
- ✗ B. 1195
- ✓ C. 1171
- ✗ D. 1153

Q.70 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'pig peak salad' को 'aq ym lq' के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा 'lemon salad grape' को 'wq cv ym' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में 'salad' को किस प्रकार कूटबद्ध किया गया है?

Ans
- ✗ A. lq
- ✓ B. ym
- ✗ C. wq

Q.71 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म एक ही पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

PLI–MIF
VRO–SOL

Ans
- A. FBY–BYU
- B. FBY–CYV
- C. FAW–CYV
- D. FAW–BXU

Q.72 इशू बिंदु P से चलना प्रारंभ करती है और पश्चिम की ओर 8 km चलती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है, 13 km ड्राइव करती है, दाएँ मुड़ती है और 15 km ड्राइव करती है। फिर वह दाएँ मुड़ती है और 5 km ड्राइव करती है, दाएँ मुड़ती है और 7 km ड्राइव करती है तथा बिंदु Q पर रुकती है। बिंदु P तक दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करनी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ होंगे।)

Ans
- A. 5 km, उत्तर की ओर
- B. 3 km, पूर्व की ओर
- C. 8 km, दक्षिण की ओर
- D. 4 km, उत्तर की ओर

Q.73 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, GIMJ का संबंध एक निश्चित तरीके से LNRO से है। उसी प्रकार, QSWT का संबंध VXBY से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, TVZW का संबंध दिए गए विकल्पों में से किससे है?

Ans
- A. YZDB
- B. YADB
- C. YAEB
- D. YBDJ

Q.74 नीचे दी गई श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके आधार पर पूछे गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।) गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 9 6 9 4 7 8 9 9 1 6 7 3 6 5 9 7 4 7 1 7 7 8 3 4 6 9 3 (दाएं)

ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है?

Ans
- A. 1
- B. 0
- C. 2
- D. 3

Q.75 काव्या 100 मीटर उत्तर में चलती है, फिर वह दाएँ मुड़ती है और 40 मीटर चलती है। फिर, वह दाएँ मुड़ती है और 30 मीटर चलती है। फिर, वह दाएँ मुड़ती है और 40 मीटर चलती है। वह अपनी मूल स्थिति से कितनी दूर है?

Ans
- A. 10 मीटर
- B. 200 मीटर
- C. 100 मीटर
- D. 70 मीटर

Q.76 A, B, C, D, N, O और P एक सीधी पंक्ति में, उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
B के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। B और N के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। N और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। O, D के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
P और C के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- A. तीन
- B. चार
- C. एक
- D. दो

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.77 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

NFU SJZ XNE CRJ ?

Ans
- ✔ A. HVO
- ✘ B. GVP
- ✘ C. GUN
- ✘ D. IWO

Q.78 निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन-सा प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

XBF 84 IMQ 92 TXB 100 EIM 108 ?

Ans
- ✘ A. PSW 115
- ✘ B. PRU 115
- ✘ C. PUW 116
- ✔ D. PTX 116

Q.79 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 567 862 426 326 749 (दाएं)
(उदाहरण: 697 में - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की ओर की जानी हैं।)

यदि प्रत्येक संख्या के दूसरे अंक में 2 जोड़ दिया जाए, तो कितनी संख्याओं में दूसरा अंक, तीसरे अंक से पूर्णतः विभाज्य होगा?

Ans
- ✘ A. तीन
- ✔ B. एक
- ✘ C. चार
- ✘ D. दो

Q.80 एक निश्चित कूट भाषा में, 'true friends stay' को "eg nu ko और 'stay close always' को "bs eg xv ' लिखा जाता है। दी गई भाषा में 'stay' को किस प्रकार लिखा जाएगा?

Ans
- ✘ A. nu
- ✘ B. ko
- ✘ C. bs
- ✔ D. eg

## Section : General Awareness and Current Affairs

Q.81 भारत में रीजनल क्लाइमेट सेंटर नेटवर्क टास्क टीम की बैठक कब आयोजित की गई?

Ans
- ✘ A. अप्रैल 2025
- ✘ B. जनवरी 2025
- ✔ C. जून 2025
- ✘ D. मई 2025

Q.82 निम्नलिखित में से कौन-सा सरकारी पोर्टल/पहल विशेष रूप से डिजिटल सेवाओं के लिए भारतीय भाषाओं को सक्षम करके भाषा अवरोधों को तोड़ने के उद्देश्य से निर्मित किया गया है?

Ans
- ✘ A. डिजिलॉकर (DigiLocker)
- ✔ B. भशिनी (BHASHINI)
- ✘ C. उमंग (UMANG)
- ✘ D. इंडियास्टैक (IndiaStack)

Q.83 फरवरी 2025 में, किस दिनांक को भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया गया था?

Ans
- ✗ A. 4 फरवरी
- ✗ B. 13 फरवरी
- ✓ C. 28 फरवरी
- ✗ D. 20 फरवरी

Q.84 वायु प्रदूषण से निपटने के लिए जून 2025 तक राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के अंतर्गत कितने शहरों को शामिल किया गया?

Ans
- ✗ A. 121
- ✗ B. 111
- ✓ C. 131
- ✗ D. 141

Q.85 कृषि विज्ञान में उनके योगदान के लिए 2024 में विज्ञान श्री पुरस्कार किसने प्राप्त किया?

Ans
- ✗ A. डॉ. आवेश कुमार त्यागी
- ✗ B. प्रो. जयंत भालचंद्र उदगांवकर
- ✗ C. प्रो. गोविंदराजन पद्मनाभन
- ✓ D. डॉ. आनंदरामकृष्णन सी

Q.86 मौद्रिक नीति समिति (MPC) की 54वीं बैठक किसकी अध्यक्षता में 7 से 9 अप्रैल 2025 तक आयोजित की गयी?

Ans
- ✓ A. श्री संजय मल्होत्रा
- ✗ B. श्री नरेंद्र मोदी
- ✗ C. श्री सौगत भट्टाचार्य
- ✗ D. श्रीमती निर्मला सीतारमण

Q.87 नवंबर 2025 में, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड की स्थायी समिति ने निम्नलिखित में से किस वन्यजीव अभयारण्य में पिंजोली पुल के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी दी?

Ans
- ✓ A. ईगलनेस्ट वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ B. जुकोउ घाटी वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ C. सिपाहीजला वन्यजीव अभयारण्य
- ✗ D. देहिंग पटकाई वन्यजीव अभयारण्य

Q.88 2025 में अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस कब मनाया गया?

Ans
- ✗ A. 11 जुलाई
- ✓ B. 15 मई
- ✗ C. 15 अप्रैल
- ✗ D. जून

Q.89 2025 में, सऊदी अरब ने क्षेत्रीय तनाव के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने के लिए किस देश के साथ एक प्रमुख सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✗ A. मिस्र
- ✗ B. संयुक्त अरब अमीरात
- ✓ C. पाकिस्तान
- ✗ D. ईरान

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.90** किस दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी और भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान को 2025 में पद्म श्री सम्मान के लिए चुना गया है?

Ans
- ✔ A. IM विजयन
- ✘ B. बाईचुंग भूटिया
- ✘ C. सुनील छेत्री
- ✘ D. सुब्रत पाल

**Q.91** फरवरी 2025 में, सरकार ने 1 अप्रैल से प्रभावी, एंड-ऑफ-लाइफ व्हीकल (ELV) नियमावली को अधिसूचित किया। ELV नियमों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

Ans
- ✔ A. उत्पादकों को स्क्रैपिंग सुविधाओं का उपयोग करके EPR लक्ष्यों को पूरा करना होगा।
- ✘ B. केवल आयातित वाहनों को ही विनियमित किया जाता है।
- ✘ C. सभी वाहनों को, चाहे उनकी आयु कुछ भी हो, पुनर्चक्रित किया जाना चाहिए।
- ✘ D. सार्वजनिक रूप से बेचे गए कबाड़ हो चुके वाहनों को इससे छूट दी गई है।

**Q.92** निम्नलिखित में से कौन-सा संशोधन 1 नवंबर 2025 से प्रभावी हुआ, जिससे जमाकर्ताओं को बैंकों में नामांकन करने की सुविधा मिली?

Ans
- ✘ A. रिजर्व बैंक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025
- ✘ B. बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2024
- ✔ C. बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025
- ✘ D. बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2026

**Q.93** 2025 UEFA-चैंपियंस लीग, किस टीम ने जीती?

Ans
- ✘ A. बायर्न म्यूनिख (Bayern Munich)
- ✘ B. इंटर मिलान (Inter Milan)
- ✔ C. पेरिस सेंट-जर्मेन (Paris Saint-Germain)
- ✘ D. बार्सिलोना (Barcelona)

**Q.94** 28 अक्टूबर 2025 को, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए वेतन और सेवानिवृत्ति लाभों की सिफारिश करने के लिए जिम्मेदार किस आयोग के लिए संदर्भ की शर्तों (term of Reference) को मंजूरी दी?

Ans
- ✔ A. 8वां केंद्रीय वेतन आयोग
- ✘ B. 5वां केंद्रीय वेतन आयोग
- ✘ C. 7वां केंद्रीय वेतन आयोग
- ✘ D. छठा केंद्रीय वेतन आयोग

**Q.95** 26 अगस्त 2025 को, जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले में किस तीर्थस्थल के पास हुए घातक भूस्खलन में दर्जनों लोगों की मृत्यु हो गई तथा उच्च-स्तरीय जांच शुरू हुई?

Ans
- ✘ A. हेमकुंड साहिब
- ✘ B. अमरनाथ गुफा
- ✔ C. वैष्णो देवी
- ✘ D. शंकराचार्य मंदिर

**Q.96** मई 2025 में आउटसोर्सिंग और कमीशन से संबंधित उल्लंघनों के लिए एको जनरल इंश्योरेंस पर जुर्माना लगाते समय भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने किस नियामक प्रावधान का संदर्भ दिया?

Ans
- ✔ A. बीमा अधिनियम की धारा 40(1)
- ✘ B. बैंकिंग अधिनियम की धारा 45
- ✘ C. बीमा अधिनियम की धारा 64V
- ✘ D. IRDAI अधिनियम की धारा 5

Prepp
Your Personal Exam Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.97 | भारत सरकार के अनुसार, जून 2025 तक की स्थिति के अनुसार भारत सरकार द्वारा कितने खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (KISCE) अधिसूचित किए गए थे? | |
| Ans | ✔ A. 34 | |
| | ✗ B. 30 | |
| | ✗ C. 36 | |
| | ✗ D. 32 | |

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.98 | जून 2025 में भारत के लिए विश्व बैंक द्वारा निर्धारित संशोधित अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा (IPL) क्या थी? | |
| Ans | ✔ A. $3.00/दिन | |
| | ✗ B. $2.50/दिन | |
| | ✗ C. $3.50/दिन | |
| | ✗ D. $2.15/दिन | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.99 | पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाले प्रदर्शन के लिए किस स्वीडिश एथलीट को लॉरियस स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर 2025 का पुरस्कार मिला? | |
| Ans | ✗ A. जैकोब इंगब्रिग्टसेन (Jakob Ingebrigtsen) | |
| | ✗ B. आर्मंड ट्रॉरे (Armand Traoré) | |
| | ✗ C. कार्स्टन वारहोम (Karsten Warholm) | |
| | ✔ D. मोंडो डुप्लांटिस (Mondo Duplantis) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.100 | निम्नलिखित में से किसने जून 2025 में कनाडा में आयोजित G7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लिया था? | |
| Ans | ✔ A. नरेंद्र मोदी | |
| | ✗ B. द्रौपदी मुर्मू | |
| | ✗ C. अमित शाह | |
| | ✗ D. निर्मला सीतारमण | |

Prepp Your Personal Exam Guide